04 (PII)

Total No. of Printed Pages — 3

370266

# CCSME23

## PAPER / पत्र – II

## HINDI LANGUAGE AND LITERATURE

## हिन्दी भाषा एवं साहित्य

## SUBJECT CODE / विषय कोड : 04

JPSC (Mains) 2024

Full Marks : 150
पूर्णांक : 150

Time : 3 Hours
समय : 3 घण्टे

MAADHYAM IAS
'way to achieve your dream'

निर्देश :

(1) हाशिये में पूर्णांक दिए गए हैं।

(2) प्रश्न-पत्र **दो** भागों में विभक्त है। भाग – A में कुल **चार** प्रश्न (प्रश्न सं. 1 से 4) एवं भाग – B में कुल **चार** प्रश्न (प्रश्न संख्या 5 से 8) हैं।

(3) कुल छः(6) प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न सं. 1 एवं प्रश्न सं. 5 का उत्तर देना अनिवार्य है।

(4) अनिवार्य प्रश्न सं. 1 एवं प्रश्न सं. 5 के अन्तर्गत कुल **सात-सात** प्रश्न हैं। इन **सात-सात** प्रश्नों में से **पाँच-पाँच** प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

(5) अनिवार्य प्रश्न सं. 1 एवं प्रश्न सं. 5 के अतिरिक्त प्रत्येक भाग में से कम से कम **एक** एवं कुल **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### भाग – A

अंक

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पांच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 7×5=35

(क) उन्नीसवीं शताब्दी के खड़ी बोली हिन्दी गद्य के विकास का परिचय दीजिए।

(ख) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता को स्पष्ट कीजिए।

(ग) खड़ी बोली हिन्दी आन्दोलन के बारे में विचार कीजिए।

(घ) राजभाषा के रूप में हिन्दी की वर्तमान स्थिति का विवेचन कीजिए।

(ङ) काव्य प्रयोजन का आशय स्पष्ट कीजिए।

अंक

(च) जनसंचार की भाषा के रूप में हिन्दी का विवेचन कीजिए।

(छ) भाषा परिवर्तन के सामाजिक कारणों को स्पष्ट कीजिए।

2. (क) कार्यालयी हिन्दी और सामान्य हिन्दी में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 10

(ख) रस के विभिन्न अवयवों का परिचय दीजिए। 10

3. (क) 'काव्य हेतु' क्या है? विस्तार से वर्णन कीजिए। 10

(ख) कार्यालयी हिन्दी के विभिन्न रूपों का उल्लेख कीजिए। 10

4. (क) अनेकार्थी और पर्यायवाची शब्दों में क्या अन्तर है? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए। 10

(ख) अव्ययीभाव समास का परिचय दीजिए। 10

## भाग –B

MAADHYAM IAS
'way to achieve your dream'

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 7×5=35

(क) हिन्दी साहित्य के इतिहास-लेखन की परंपरा का आलोचनात्मक परिचय दीजिए।

(ख) भक्ति आन्दोलन के उदय संबंधी प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए।

(ग) सगुण भक्ति काव्य की लोकधर्मिता को रेखांकित कीजिए।

(घ) रीतिकालीन काव्य परिवेश का परिचय दीजिए।

(ङ) नई कविता की प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

(च) 'हिन्दी के प्रारंभिक उपन्यासों में स्त्री शिक्षा' विषय पर निबंध लिखिए।

(छ) मैला आँचल के 'बावनदास' की चारित्रिक विशेषताएं लिखिए।

6. (क) 'तुलसीदास के कविता में समाज' विषय पर निबंध लिखिए। 10

(ख) भारतेन्दुयुगीन नाटकों की विषयवस्तु का विश्लेषण कीजिए। 10

7. (क) छायावादी कविता में निहित राष्ट्रीय-सांस्कृतिक चेतना पर विचार कीजिए। 10

(ख) ललित निबंध की विशेषताएं बताइए। 10

अंक

5×2=10

8. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(I) नील परिधान बीच सुकुमार
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग;
खिला हो ज्यों बिजली का फूल
मेघ-बन बीच गुलाबी रंग।

(II) तो तेरी तरक़्क़ी होगी बेटा?
तरक़्क़ी यूँ ही हो जाएगी? साहेब को खुश रखूँगा,
तो कुछ करेगा, वरना उसकी खिदमत करने वाले
और थोड़े हैं?
तो मैं बना दूँगी, बेटा, जैसे बन पड़ेगा, बना दूँगी।
और माँ दिल ही दिल में फिर बेटे के उज्ज्वल भविष्य
की कामना करने लगी।

(ख) हिन्दी में स्त्री आत्मकथा अथवा आदिवासी साहित्य का परिचय दीजिए। 10

MAADHYAM IAS

★★★